## रोवाम में प्रस्तावित CRPF, Camp का निरीक्षण प्रतिवेदन :–

दिनांक 08.06.2017 को रोवाम में प्रस्तावित CRPF, Camp का स्थल निरीक्षण वन क्षेत्र पदाधिकारी, गुवा एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ किया गया। प्रस्तावित स्थल गुवा–सलाई पथ के किनारे स्थित है तथा रोवाम गाँव के पास है। यह स्थल सारण्डा वन प्रमण्डल के सीमा, जो कोल्हान वन प्रमण्डल से सटा हुआ है, के पास है। यह काफी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र है एवं इस क्षेत्र में कोई पुलिस थाना/कैम्प नहीं है तथा जंगल से धिरा हुआ क्षेत्र है। प्रस्तावित स्थल से लगभग 100 मीटर की दूरी पर कोयना नदी है, जो सारण्डा एवं कोल्हान वन प्रमण्डल को बांटता है। प्रस्तावित स्थल के दूसरे तरफ घाटकुड़ी आरक्षित वन है। प्रस्तावित क्षेत्र गैर मजरूआ भूमि है, जिसका खतियानी चरित्र जंगल–झाड़ी है तथा रकवा 2.5 एकड़ (1.012\ हे0) है। प्रस्तावित स्थल झाड़ियों से भरा हुआ है एवं इसमें कुल 16 वृक्ष हैं। इस क्षेत्र में कभी–कभी हाथियों के आने की सूचना है। विधि व्यवस्था के मद्देनजर इस क्षेत्र में CRPF Camp की स्थापना आवश्यक प्रतीत होता है। अतः इस प्रस्तावित क्षेत्र को CRPF Camp के लिए अपयोजन हेतु स्वीकृति की अनुशंसा की जाती है। निरीक्षण के दौरान ली गई फोटोग्राफ निम्नवत् है :–





9/6/17

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
सारण्डा वन प्रमण्डल, चाईबासा।